जहाज मंदिर
14वीं वर्षगांठ

मेला
13 फरवरी 2014
को

श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट, माण्डवला का मासिक मुख-पत्र

जहाज मन्दिर

अधिष्ठाता - पूज्य गुरूदेव उपाध्याय प्रवर श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

आचार्य श्री जिनकान्तिसागरसूरिजी म.सा.

▪ वर्ष : 10 ▪ ▪ अंक : 10 ▪ ▪ 5 जनवरी : 2014 ▪ ▪ मूल्य : 20 रु. ▪

अनुक्रमणिका

1.	नवप्रभात	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.	04
2.	गुरुदेव की कहानियाँ	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.	05
3.	प्रीत की रीत	डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा.	07
4.	ऐसे थे मेरे गुरुदेव	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.	09
8.	श्रमण चिन्तन	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.सा.	11
5.	मेरे बारे में मेरी अनुभूति	डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा.	14
9.	तत्त्वावबोध	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.सा.	17
4.	जिज्ञासा	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.	19
9.	संयम अभिनंदन गीतिका		20
9.	मेले के लाभार्थी		21
10.	पंचांग : फरवरी माह	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.सा.	26
11.	समाचार दर्शन	संकलन	28
12.	जहाज मन्दिर वर्ग पहेली-93	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.सा.	43
13.	जहाज मंदिर पहेली 90 का उत्तर		45
13.	जटाशंकर	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.	50

आगम मंजूषा

परमात्मा महावीर

क्रिया का उतना महत्व नहीं है जितनी मानसिक शुद्धता का महत्व है। मानस शुद्ध और पवित्र होना चाहिए। मन की शुद्धि से क्षणमात्र में काया का शुद्धिकरण हो सकता है। परमात्मा की वाणी कहती है-

जं जं समयं जीवो, आविसइ जेण जेण भावेण।
सो तंमि तंमि समए, सुहासुहं बंधए कम्मं॥

(उपदेशमाला)

जिस समय जीव जैसे-जैसे भाव करता है, उस समय वैसे ही शुभ-अशुभ कर्मों का बन्ध होता है। भटके हुए प्राणी पलक झपकते ही क्या से क्या बन जाते हैं? मानसिक विचारधारा पवित्र बनी नहीं कि कर्म खण्ड-खण्ड, टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर जाते हैं।

मरडिया परिवार आयोजित
श्री चितलवाना से श्री शंखेश्वर तीर्थ
छरि पालित संघ प्रयाण दि. 21-01-14
संघ माला दि. 05-02-14

जहाज मन्दिर

मासिक

अधिष्ठाता
पू. गुरुदेव उपाध्याय प्रवर
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

वर्ष : 10 अंक : 10 5 जनवरी 2014 मूल्य 20 रू.

संयोजन : आर्य मेहुलप्रभसागरजी म.
अध्यक्ष : संघवी जीतमल दांतेवाड़िया
महामंत्री : डॉ. यू.सी. जैन

जहाज मन्दिर में प्रकाशित रचनाकारों द्वारा व्यक्त विचारों से सम्पादक / प्रकाशक की सहमति आवश्यक नहीं है

सदस्यता शुल्क

संस्था संरक्षक	: 21,000 रूपये
मानद् संरक्षक	: 11,000 रूपये
15 वर्षीय सदस्यता	: 2500 रूपये
12 वर्षीय सदस्यता	: 2000 रूपये
6 वर्षीय सदस्यता	: 1000 रूपये
त्रिवार्षिक सदस्यता	: 500 रूपये
वार्षिक सदस्यता	: 200 रूपये

विज्ञापन सहयोग

अंतिम कवर पृष्ठ रंगीन	: 15,000 रूपये
द्वितीय कवर पृष्ठ रंगीन	: 11,000 रूपये
तृतीय कवर पृष्ठ रंगीन	: 9,000 रूपये
अन्दर पूरा पृष्ठ रंगीन	: 7,000 रूपये

सदस्यता, विज्ञापन व सहयोग राशि
ICICI की किसी भी शाखा में
SHRI JIN KANTI SAGAR SOORI SMARK TRUST
BANK - ICICI JALORE
ACCOUNT NO. 065301000256
IFSC CODE - ICIC0000653

सम्पर्क सूत्र / प्रकाशक

श्री जिनकांतिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट
जहाज मन्दिर
माण्डवला - 343042, जिला-जालोर (राज.)
फोन : 02973-256107, 256192, 9649640451
E-mail : jahaj_mandir@yahoo.co.in
www.jahajmandir.com

नवप्रभात

उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

मन का खेल

हमारी जिन्दगी का अधिकतर समय केवल और केवल प्रतीक्षा में बीतता है। दिन में हम रात की प्रतीक्षा करते हैं। और रात होने पर दिन की प्रतीक्षा में रात गुजार देते हैं।

न दिन को अच्छी तरह देख पाते हैं... न रात को!

यह खेल मन का है। वह वहाँ रहना नहीं चाहता, जहाँ होता है। वह सदा आगे पीछे, दांयें बांयें, इधर उधर, ऊपर नीचे झांकता रहता है। उसे सीधी नजर में कोई रस नहीं होता।

घर में कोई उत्सव होने वाला हो, तो उस उत्सव के काल्पनिक सपने ही दिमाग में तैरते रहते हैं। और यह तो तय है कि यथार्थ उत्सव से काल्पनिक उत्सव बहुत सुहाना और आकर्षक होता है। क्योंकि काल्पनिक सपने पर आपकी अपनी पकड होती है। वह उसे मनचाही दिशा में बहा सकता है... मोड सकता है।

वह काल्पनिक दृश्य भी खडे कर लेता है, काल्पनिक संवाद भी तैयार कर लेता है। सामने वाला क्या बोलेगा, यह भी वही तय करता है, और स्वयं क्या जवाब देगा, यह भी वही तय करता है। क्योंकि वहाँ कोई उसे रोकने वाला या टोकने वाला नहीं है।

यथार्थ में ऐसा नहीं होता। यथार्थ में सामने वाला क्या बोलेगा, यह सामने वाला तय करता है। तुम क्या बोलोगे, यही तुम्हें तय करना होता है। वह भी तब जब तुममें विवेक और धीरज हो तथा परिणाम पर नजर हो। अन्यथा अधिकतर तो ऐसा होता है कि तुम क्या बोलोगे, यह भी सामने वाला ही तय करता है। क्योंकि तुम्हें तो जवाब देना है और जवाब हमेशा प्रश्न के अनुसार दिया जाता है। प्रश्न की भाषा और प्रश्न की टोन तुम्हारे दिल दिमाग पर इतनी हावी हो जाती है कि तुम स्वयं अपनी भाषा, अपनी टोन भूल जाते हो।

मन ऐसा करके मन को ही प्रभावहीन बनाता है। मन का यह कार्य मन का ही विरोधी है। तभी तो मन दुखी होता है। हो सकता है, प्रतीक्षा करने के क्षण सुखमय हो, पर परिणाम तो दुखदायी ही होता है।

मन के इस नुकसान करने वाले खेल को समझ कर मन की दिशा को बदल देना है।

गुरुदेव की कहानियाँ

उपाध्याय
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

और दीया जल उठा

(गतांक से आगे)

अगर इन्द्रदत्त पंडित अथवा श्रेष्ठी के सुनने में यह सारी विगत आ जाय तो...

उसे अपने कुकृत्यों पर गहरा पश्चात्ताप होने लगा। उन्हें मुनि महाराज याद आ गए। उनका निर्मल, शांत निरालम्ब जीवन याद आ गया। ओह! यही तो जीवन का सार है, मैं भी मुनि बनूंगा। और उसने उसी समय अपने ही हाथों अपना पंचमुष्टि लोच कर लिया। मुनिवेश धारण वह राजा प्रसेनजित की राज्यसभा में पहुँचा।



राजा प्रसेनजित की नजरें ज्योंही मुनि कपिल पर पड़ी वे हक्के-बक्के रह गये। कपिल मुनि ने कहा-

यथा लाभस्तथा लोभो,
लाभाल्लोभः प्रवर्धते।
माषद्वयाश्रितं कार्य,
कोट्यपि न हि
निष्ठितम्।।

राजन्! जहाँ लाभ है वहाँ लोभ है। ज्यों-ज्यों लाभ बढ़ता है त्यों-त्यों लोभ बढ़ता जाता है। दो स्वर्णमुद्रा से मेरी आकांक्षा प्रारम्भ हुई थी वह करोड़ों पर आकर भी अटकी नहीं।

राजन्! अब मुझे किसी धन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मेरे अन्दर में रहा सन्तोष धन प्रकट हो चुका है।

कपिल मुनि समस्त सभा को धर्मलाभ देकर जंगलों में चले गये।

मुनि उग्र आराधना में लीन हो गये। छः माह पश्चात् ही उन्होंने केवलज्ञान की प्राप्ति कर ली।

एक अटवी में पाँच सौ चोर रहते थे। वे गाँवों-शहरों में लूटते और पुनः अटवी में प्रवेश कर जाते। केवलज्ञानी कपिल मुनि पर ज्योंही उनकी दृष्टि पड़ी, उन्होंने कहा हम आपको क्या लूटें क्योंकि आपके पास तो कुछ भी नहीं है अतः आप कोई अच्छा-सा नृत्य करके सभी का मनोरंजन करो।

लाभ जानकार मुनि ने वहाँ कुछ ध्रुवपदों की रचना कर नृत्य के साथ उन्हें प्रस्तुत किया।

चोरों की आत्मा सरल थी। ध्रुवपदों के अर्थ का चिन्तन करते-करते वे भी प्रतिबुद्ध हुए और उन्होंने अपने आपको कपिल केवली के चरणों में समर्पित कर दिया।

प्रीत की रीत

साध्वी
डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा.

श्री सुमतिनाथ स्तवन

वस्तु निज परिणते सर्व परिणामिकी,
एटले कोई प्रभुता न पामे।
करे जाणे रमे अनुभवे ते प्रभु,
तत्व स्वामित्व शुचि तत्व धामे, अहो.॥५॥

वस्तु का परिणमन स्व में और पर में होता रहता है। पर मात्र परिणमन के कारण उन्हें ईश्वर अथवा महान् नहीं कह सकते। परंतु जो स्वाधीन होकर स्वयं में रमण करता है, स्वयं अनुभव करता है, वस्तु स्वभाव स्वामी होता है, वही शुद्धता का अद्वितीय अखंड धाम का प्रभु या परमेश्वर होता है।

प्रस्तुत पद्य में श्रीमद्जी ने प्रभु के परिचायक गुणों की व्याख्या की है। परिणमन तो चूंकि वस्तु का स्वभाव होता है, अतः जो भी वस्तु या द्रव्य है वह चाहे जड हो या चेतन, परिणमन करना तो उनका स्वभाव है पर मात्र परिणमन करने से प्रभु नहीं हो जाता। परमात्मा अथवा प्रभु उन्हें कहते हैं कि उनमें जो भी परिणमन होगा, वह स्वाधीन होगा। कर्मों की पराधीनता का शिकंजा उन पर नहीं कसा जाएगा। उनकी समस्त क्रियाएं स्वाधीन है। बडे से बड़ा सम्राट भी प्रभु नहीं हो सकता क्योंकि उसका साम्राज्य भी पुण्योदय का परिणाम है। उदय चाहे पुण्य का हो या पाप का, वह सारा बंधन है। परमात्मा का न पुण्योदय है न पापोदय! पुण्य और पाप दोनों का क्षय ही उन्हें प्रभुता की ओर अग्रसर करता है। उन्हें अपने स्थान अथवा अपने आनंद से कोई विचलित नहीं कर सकता। वे संपूर्ण स्वतंत्र है और इसीलिए वे प्रभु हैं।

जीव नवि पुद्गलो नैव पुद्गल कदा,
पुग्गलाधार नहीं तास रंगी।
पर तणो ईश नहीं अपर ऐश्वर्यता,
वस्तु धर्मे कदा न परसंगी, अहो० ॥६॥

जीव पुद्गल नहीं है और पुद्गल जीव नहीं है। चेतना न पुद्गल का आधार है और न पुद्गल का अनुरागी है। परभावों का यह स्वामी भी नहीं है और न जीव का ऐश्वर्य इन परपदार्थों के कारण है। वस्तु स्वरूप से चेतना परभावों का संगी भी नहीं है।

प्रस्तुत कडियों में श्रीमद्जी ने चेतना के वास्तविक स्वरूप को विश्लेषित किया है। जीव और शरीर अनादिकाल से संगी साथी है। अधिकतर तो ऐसा ही हुआ है कि चेतना ने शरीर को ही 'मैं' के रूप में स्वीकार किया है। शरीर के परकोटों में कैद होकर यद्यपि चेतना शरीर में आत्मबोध करना प्रारंभ कर लेती है फिर भी स्वभाव दशा जगते ही उसे ज्ञात हो जाता है कि मैं मात्र शुद्ध चेतना हूँ। अगर जीव पुद्गल बनता तो आज तक चेतना का अस्तित्व ही नहीं रहता पर यह कल्पना भी असत् है। चूंकि साधना के द्वारा दोनों को भिन्न किया जाना संभव है तो आधार और आधेय का स्थायित्व भी संभव नहीं है। जीव में पुद्गल का अभाव और पुद्गल में जीव का अभाव हो सकता है। जीव के ऐश्वर्य का कारण पुद्गल इसलिए नहीं होता कि दोनों का स्वभाव भिन्न है। जीव का ऐश्वर्य ज्ञान, दर्शन और चारित्र है जिनका कभी विनाश नहीं होता जबकि पुद्गल का स्वभाव विनाशी है। चेतना का ऐश्वर्य ऐसा है कि जिसे कोई छीन नहीं सकता और जिसके समक्ष तीनों लोकों की लौकिक

संपदा भी आंशिक ही होती है।

संग्रहे नहीं आपे नहीं परभणी,
नवि करे आदरे न पर राखे।
शुद्ध स्याद्वाद निज भाव भोगी जिके,
तेह परभाव ने केम चाखे, अहो०॥७॥

आप परपदार्थों का संग्रह करते नहीं। अन्य किसी को वह प्रदान करते नहीं। न परवस्तुओं का सम्मान करते हैं न उन्हें अपने निकट आने देते हैं। जो शुद्ध स्याद्वाद युक्त निज भावों के भोक्ता मात्र है, वह परभाव को ग्रहण कर भी कैसे सकता है।

प्रस्तुत पद्य में श्रीमद्जी ने परमात्मा की दिव्य चेतना का उल्लेख किया है। इसमें परमात्मा की परत्व भावों से नि: स्पृहता अभिव्यक्त हुई है। परत्व भावों से नि:स्पृहता असंभव नहीं पर कष्ट साध्य जरूर है। परभावों से आसक्ति भाव को त्यागा जा सकता है। पर प्रश्न उठता है कैसे?परभावों की चंचलता से हटकर हर चेतना शाश्वत आनंद को उपलब्ध होना चाहती है। पर चाहत रखना भिन्न है और उस चाहत की दिशा में प्रस्थित होना भिन्न है। कुछ उपायों का विवेचन अध्यात्म को प्राप्त महापुरूषों ने किया है। उनमें से एक है- मूर्त अर्थात् स्थूल से आसक्ति को हटाकर अमूर्त अर्थात् सूक्ष्म में स्थापित करना। कांटे को कांटे से निकालना संभव है। बडा आकर्षण छोटे आकर्षण से मुक्त करता ही है। शरणागति की स्वीकृति भी हमें आत्मकेन्द्रित करने में सहायक बनती है। स्मरण, दर्शन, उनकी वाणी के प्रति अनुराग, उन्हें पाने की उत्कट अभिलाषा आदि अनेक उपाय है, जो परभावों से मुक्त होने में हमारी मदद करते हैं।

जब जब हमारी चेतना नाभिकमल को छोड़ अन्यत्र लीन रहती है तब तब हमारी वृत्तियाँ मलीन होकर परभावों के संग्रह में मस्त हो जाती है। जब चेतना नाभि-केन्द्र में स्थापित हो जाती है तो उसकी प्रवृत्ति अपने प्रति बढ जाती है। अपने अंतर में असीम आनंद का कोष है। एक बार जो अपनी चेतना को अंतर में उतार देता है, वह उसके बाद कभी बाहर में नहीं उलझता। जब आदमी अपने भीतर प्रविष्ट हो जाता है तो बाद में उसके समक्ष नयी दिशा, नये अनुभव उद्घाटित हो जाते हैं। स्वयं में रमे बिना आत्मा का अक्षय कोष उपलब्ध नहीं हो सकता। चेतना स्वत: यह अनुभव करे कि मैं चेतन हूँ, ये सारे पदार्थ अचेतन और अशाश्वत है। अत: इनसे मिलने वाला आनंद भी क्षणिक है। जब यह चिंतन अनुभव में उतर जाता है तो अध्यात्म-चेतना जाग जाती है। फिर बाह्य जगत तो रहता है पर उससे चेतना में किसी प्रकार की आसक्ति का प्रकंपन नहीं होता।

अनमोल वचन

खणं जाणइ पंडिए - भ. महावीर

जो समय को जानता है, वही पंडित है।

Do with faith, if you lack faith do nothing

श्रद्धा से कर्म करो, श्रद्धा के अभाव में समस्त कर्म निष्फल है।

ज्ञान क्रियाभ्यां मोक्ष: -तत्त्वार्थ सूत्र

ज्ञान और क्रिया से मोक्ष होता है।

उपाध्याय
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

ऐसे थे मेरे गुरूदेव

प्राय: प्रतिदिन हुआ करती थी। रविवार के दिन तो पाण्डाल छोटा ही पडता था। प्रवचन भी उपाश्रय के हॉल से बाहर मंडप में ही हुआ करते थे।

ठाणा संघ में खरतरगच्छ की आम्नाय के परिवार अल्प थे। अधिकतर श्रावक तपागच्छ और आंचल गच्छ की मान्यता के थे। यह पूज्यश्री के समन्वयवादी दृष्टिकोण व आचरण का परिणाम था कि अन्य गच्छ वाले भी पूज्यश्री के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित थे। खरतरगच्छ व तपागच्छ वाले अपनी परम्परानुसार चतुर्थी को संवत्सरी करते थे जबकि आंचल गच्छ वालों की परम्परा पंचमी को संवत्सरी करने की थी।

चातुर्मास प्रवेश के साथ ही पूज्यश्री ने अपने मन में ठान लिया कि ठाणा संघ में एक आदर्श उदाहरण उपस्थित करना है। यहाँ एक ही संवत्सरी होनी चाहिये। सभी मिलकर करेंगे तो पूरे भारत में एक प्रेम व समन्वय भरा संदेश पहुँचेगा।

प्रवेश के साथ ही पूज्यश्री ने भगवती सूत्र के तात्विक व शास्त्रीय प्रवचनों के साथ साथ जैन एकता पर विशेष बल देना प्रारंभ किया। परिणाम यह हुआ कि तीनों ही समुदाय वालों ने... सकल श्री संघ ने मिलकर एक ही दिन संवत्सरी महापर्व की आराधना की। उस दिन का माहौल व वातावरण अपने आप में अत्यन्त अनूठा व अनुकरणीय था। ठाणा संघ में हुई संवत्सरी की एकता व आराधना का पूरा वर्णन भावनगर से प्रकाशित सुप्रसिद्ध जैन नामक गुजराती साप्ताहिक में विस्तार से प्रकाशित हुआ था।

पूज्य गुरुदेवश्री ने सन् 1950 वि.सं. 2007 का चातुर्मास ठाणा संघ की विनंती स्वीकार कर श्री मुनिसुव्रतस्वामी तीर्थ ठाणा में किया था। ठाणा संघ की यह विशेषता थी कि यहाँ के संघ में मारवाडी, गुजराती व कच्छी तीनों समाज सम्मिलित थे। पूज्य गुरुदेवश्री ने भगवती सूत्र पर अपने सार्वजनिक प्रवचन देने प्रारंभ किये थे।

पूज्यश्री के ओजस्वी व क्रान्तिकारी प्रवचनों को सुनने के लिये दो से तीन हजार लोगों की उपस्थिति

Diploma®
Metal Industries
For Better Cooking & Economy

Mfg. Of Stainless Steel Utensils

B-7, RAVI ESTATE, AMBIKA NAGAR, ODHAV
Ahmedabad-382415 (Gujarat)

B.L.Bothra 09426170801 Ramesh 09427031294
Jitesh 09427031295 Sunil 09429021264

15
श्रमण-चिंतन

मुनि मनितप्रभसागरजी म.सा.

संसार की असारता... संयम की सरसता

संसार में सर्वाधिक सम्माननीय यदि कोई पदार्थ है तो उसका नाम है - रजोहरण! इस दिव्य पदार्थ को प्राप्त करके व्यक्ति चक्रवर्ती और देवेन्द्र से भी अधिक आदरणीय, पूजनीय और वंदनीय बन जाता है। यह सारा प्रभाव केवल और केवल संयम वेश का है। संसार का वेश उतरते ही सारा विश्व उसके चरणों में आलोटने लगता है। जय-जयकारों से आसमान को गूंजायमान कर देता है। गृहवास के इच्छुक साधु का मन गुरू महाराज अच्छी तरह जान रहे हैं। अरे मुनि! तूं यह कैसा अनर्थ करने जा रहा है? पूजित-वंदित इस वेश का परित्याग करके गृहस्थ बनना चाहता है।

देख! इस दशवैकालिक सूत्र की प्रथम चूलिका के पांचवें सूत्र को **'ओमजण पुरक्कारे'**

तूं घर पर जायेगा, तो न घर का रहेगा, न घाट का। धोबी के कुत्ते जैसी तेरी बुरी हालत की कल्पना से मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं।

अरे! दीक्षा लेने की बात तो दूर, लम्बे वैराग्यकाल की जरूरत तो दूर, जैसे ही एक व्यक्ति के मन में दीक्षा की भावना स्फुरित होती है और लोगों को पता चलता है, वैसे ही उसका मान-सम्मान कितना बढ़ जाता है! विहार के दौरान सम्पूर्ण संघ जैसे उसकी सेवा में पलक पावड़े बिछा देता है।

ए मुनिवर! तूं जरा अपनी अतीत, वर्तमान और भविष्य की स्थिति के संदर्भ में विचार कर!

तेरी दीक्षा का मुहूर्त्त निकलते ही तेरा नाम जैसे हजारों-लाखों होठों पर छा गया था! हजारों आँखें तेरे दर्शन के लिए तरसने लगी थी।

समाचार पत्रों, पत्रिकाओं में तेरा नाम, तेरी तस्वीर जैसे संयम का गुणगान गा रही थी। जो स्वजन-परिजन तुम्हें कभी बुलाते तक नहीं थे, वे ही तेरे आगे-पीछे दौड़ने लगे थे।

ऐसा क्या घटित हो गया कुछ घण्टों-दिनों-महिनों में, कि लोगों ने तुम्हें अपनी पलकों पर बिठा दिया। बंदोले के लिए चक्कर काटने लगे। शानदार वरघोड़ा... अभिनंदन समारोह! स्वजनों का ही नहीं, परिजनों का भी अपूर्व उल्लास। तुम्हारे गोत्र और गाँव के ही नहीं, सम्पूर्ण संघ के लोग तेरे दीक्षा समारोह में पहुँचे थे। अपने कंधों पर बिठाकर कितना नचाया था तुम्हें! कितने लाड-कोड किये थे! चांदी के बहुमान पत्र एवं सोने की चैन से तेरा अभिनंदन किया था।

दीक्षा समारोह से लगाकर आज तक कितने बड़े-बड़े सेठ, जमींदार, साहूकार, उद्योगपति, नेता, राजा-महाराजा, अफसर, प्रधानमंत्री से लगाकर विविध मंत्री तुम्हें प्रणाम करते हैं। तुम्हारे पास एक पैसा नहीं होने पर भी

करोड़पति-अरबपति-खरबपति तुम्हें भावपूर्ण वंदना करते हैं।

और ऐसा भी नहीं कि तूं पढ़-लिखकर बहुत होशियार बन गया है। अभी तो बहुत अल्प सीखा-जाना है। केवल प्रतिक्रमण, प्रकरण, भाष्य, कर्मग्रन्थ के ही मूल सूत्र कण्ठस्थ किए हैं।

न्याय, प्राकृत, संस्कृत, व्याकरण, छन्द, काव्य, दर्शन, इतिहास, ध्यान, तत्त्व का अध्ययन तो छोड़, तेरे पंच प्रतिक्रमण का भी अर्थ ठीक से नहीं हुआ है, तब भी तेरी पूजा-सेवा कितनी!

शाताकारी वसति। गोचरी में मधुर व्यंजन! प्रवेश समारोह में बैण्ड-बाजें। श्री संघ को तेरी कितनी चिन्ता कि पाँवों में एक कांटा चुभा नहीं कि संघ के आगेवान तेरी सेवा में प्रस्तुत हुए नहीं।

तुझे याद है न सम्प्रति सम्राट् का पूर्व भव?एक भिखारी। जैनी दीक्षा का कोई बोध नहीं। होता भी कैसे, वह कोई ज्ञानगर्भित वैरागी तो था नहीं। भूख, गरीबी, अनाथता के दु:खों से पीड़ित वह भिखारी साधु को देखकर दु:ख-गर्भित वैरागी बना।

ओह! यह बाबा भी तो मेरे जैसा ही है। इसके भी गन्दे, मैले-कुचेले वस्त्र! झोली में पात्र! बेतरतीब बढी हुई दाढी-मूंछ! शरीर पर चढा हुआ दो-दो इंच मैल!

पर लोग इसका सत्कार करते हैं और मेरा तिरस्कार! 'पधारो पधारो' कहकर इसका अभिवंदन करते हैं और मुझे दहलीज पर भी पाँव नहीं रखने देते। अरे! ये भिक्षु तो मैं भिखारी! मुझे कुछ भी खाने को नहीं देते जबकि इसे छप्पन पकवान प्रदान करते हैं।

क्यों न मैं भी साधु बन जाऊँ?

पहुँचा उस साधु के पीछे उपाश्रय में। पट्ट पर विराजमान आर्य सुहस्तिसूरि। पावन आभावलय! मुख पर तैरता मंद-मंद स्मित! आँखों में निर्मलता की गंगोत्री! उत्तम चारित्र पालक होने के साथ वे आगम-ज्ञान के अथाह कोष थे।

सम्मुख प्रस्तुत था भिखारी! करबद्ध निवेदन! गुरू महाराज बाह्य अवस्था को देखने के साथ साथ उसके पार जो अदृश्य था, उसे भी निहार रहे थे। वर्तमान की कटी-फटी हालत के पीछे छिपा उज्ज्वल भविष्य उनसे अनभिज्ञ नहीं था। दीक्षा दे दी! बाह्य वेश का परिवर्तन!

गोचरी में क्या क्या लाना है?

मिठाई भी, नमकीन भी! रोटी और सब्जी भी! दूध, दही, घी भी! जो मिले, वह सब ले आना। अब निर्बल शरीर! कमजोर पाचन तन्त्र! वह भला इन सबको कैसे स्वीकार कर पाता! शाम होते-होते उदर-शूल ने भयानक रूप धारण कर लिया। न उठा जाये, न बैठा जाये। सहना भी मुश्किल, कहना भी मुश्किल।

सारे साधु सेवा में उपस्थित। कोई पाँव दबा रहा, कोई दवा लगा रहा।

सारा संघ भी दौड़ा आया। वैद्यराज भी आये! मरहम लगायी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। पीड़ा उत्तरोत्तर बढ रही थी पर वह पीड़ा शनैः शनैः समाधि और चिन्तन के द्वार खोल रही थी- अरे! मैंने आज दीक्षा ली और ये बड़े-बड़े साधु मेरी सेवा कर रहे। जिन लोगों से हजारों बार मैंने दुत्कार पायी है, वे ही लोग मेरे चरणों का स्पर्श और मेरी सेवा करके अपने आपको पुण्यशाली-गौरवशाली समझ रहे हैं।

परिवर्तन कहाँ आया?

मैं तो वो ही हूँ। न कुछ पढ़ा-लिखा, न कोई साधना की। केवल वस्त्र बदल जाने से कितना बड़ा अन्तर आ गया। ओह! यह सारा चमत्कार रजोहरण का, वेश परिवर्तन का है। वाह! यह वेश कितना पावन कि इसके सामने सेठ-साहूकार भी झुकते हैं। यह रजोहरण कितना उत्तम कि हाथ में आते ही एक भिखारी राजा से भी ज्यादा प्रिय और अभिनंदनीय बन जाता है। इधर वेदना बढती रही, उधर संयम की वंदना चढती रही। शुभ अध्यवसायों में रमण करता हुआ वह नूतन साधु स्वर्गवासी हो गया और सम्प्रति सम्राट् बना। देख! यह संयम का वेश मोक्ष होने तक सारी अनुकूलताएँ देता है, ऐसे

कल्पवृक्ष को छोड़कर तूं बबूल की छाया में जाने का दुस्साहस कर रहा है।

यदि तुझे साहस करना ही है तो जप-तप, ज्ञान-ध्यान की पराकाष्ठा तक पहुँचने का कर, जो तुझे शाश्वत समाधि देगा!

तेरा ऐसा दुस्साहस देखकर मेरी आत्मा कांप रही है, अरे! अरे! भोगों की मार कितनी खतरनाक जो त्याग के शिखर पर आरूढ साधु को तलहटी से भी नीचे उस गहरे गर्त में गिरा देती है, जहाँ से उबरने कोई मौका भवोभव हाथ नहीं लगता।

फिर तूं घर पर जा रहा है तो सोच ले कि संसार चलाना कोई सरल काम नहीं है। वहाँ पेट के खड्डे को भरने का इन्तजाम कैसे होगा?दिन-रात गधे की तरह मजदूरी करनी पड़ेगी। शादी भी झंझट का कार्य है। उसमें भी कलहकारी स्त्री मिल गयी तो तेरा जीवन साक्षात् नरक बन जायेगा। दुकान नहीं चलेगी तो संतान को क्या तो खिलायेगा, क्या तो पिलायेगा?उनकी शिक्षा का क्या होगा?तनाव, चिन्ता और परेशानी तेरे सारे चैन-सुकून को हर लेंगे।

आज यहाँ तो राजा का राजा, चक्रवर्ती का चक्रवर्ती बना हुआ सुख और शान्ति से जीवन चला रहा है, वहाँ तेरी हालत भिखारी से गयी गुजरी होगी। कोई भी तुझे पसन्द नहीं करेगा। तेरी कितनी अवमानना होगी। परिजन ही नहीं, स्वजन भी तेरे साथ रहना, उठना, बैठना स्वीकार नहीं करेंगे। लोगों का तुझ पर से भरोसा हट जायेगा- कोई भी घर में घुसने नहीं देगा। सडे कान वाली कुतिया की तरह तूं हर जगह से मार-पीट कर भगा दिया जायेगा।

खुले बाजार में तेरा घोर अपयश होगा। सारा संसार तुझ पर थूं...थूं... करेगा। तेरे माँ-बाप का ही नहीं, पूरे खानदान का नाम धूल में मिल जायेगा।

कदाच् पुण्ययोग से तूंने संसार की सारी सुविधाएँ प्राप्त कर ली, मेहनत से करोड़पति-अरबपति बन गया, तब दुनिया तेरे सामने तेरी निंदा भले ही न करें, पीठ के पीछे हजार बातें करेंगे। वत्स! थोड़ा चिन्तन कर! संसार की मूर्च्छा से बाहर आ।

इस असार संसार से सुख पाने के प्रयत्न का अर्थ है- रेत को पीलकर तेल पाने का मूर्खता भरा कार्य करना! तेरे लिए तेरा अकार्य शोभास्पद नहीं है। जरा अपनी गरिमा और महिमा का चिन्तन करके चंचल मन-अश्व की लगाम खींच, इसी में तेरे इहलोक-परलोक का सुख है।

जैन तीर्थ दर्शन

(राजस्थान एवं गुजरात)

फोर सीजन्स इण्डिया टूर्स

लार्ज कोच, मिनी कोच, टेम्पो ट्रेवल्स, इनोवा एवं स्विफ्ट डिजायर

☞ आरामदायी व सुविधाजनक ए.सी.बसें (18/35 सीट)। ☞ राजस्थान का पहला जैन दर्शन हेतु विशाल टूर नेटवर्क।

☞ बेहतर सेवायें देने हेतु अनुभवी चालक/परिचालक द्वारा राजस्थान/गुजरात जैन स्थल भ्रमण।

☞ आरामदायक सफर के साथ तीर्थ स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी।

406, वी-जय सिटी पोईन्ट, अहिंसा सर्किल, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-1 (राज.) इण्डिया

ब्रांच : उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर।

फोन : +91 141-5112605/06/07, फैक्स :+ 91 141-5112608, मो. 98289 14111

E-mail: info@fsit.in, accounts@fsit.in Web: www.fsit.in

साध्वी
डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा.

मधुर संस्मरण

मेरे बारे में मेरी अनुभूति

पूर्व जन्म के पुण्योदय से मुझे प्रभु महावीर का शासन प्राप्त हुआ है। बिना विशेष परिश्रम के अणगार का जीवन प्राप्त हुआ है। बचपन में प्राप्त किए संयमी जीवन का पचास वर्ष की उम्र में विश्लेषण करने जा रही हूँ, तब सर्वप्रथम स्वयं से जिज्ञासा करने का मन होता है कि मैंने क्या छोड़ा और क्यों छोड़ा?

एक आत्मा जब संयम की राह पर आगे बढ़ती है तो वह बहुत कुछ त्याग करती है। वर्तमान के साधन-प्रधान युग में निर्दोष संयम की आराधना अचरज को जन्म देती है। इन्द्रियों का आकर्षण, स्वजनों का अपनत्व और भौतिक साधनों के उपयोग की छूट इन तीन शब्दों में त्याग की परिभाषा समाविष्ट हो जाती है। पर इनके त्याग की गहराई में जब हम जाते है तो पता चलता है कि प्राप्ति के बाद इनका त्याग कितना कठिन होता है।

यद्यपि जब चेतना में वैराग्य की लौ प्रज्ज्वलित होती है, तब उसे सारा संसार निरर्थक एवं व्यर्थ प्रतीत होता है पर इन विरक्त विचारों को स्थिरता देना भी भीषण पुरूषार्थ है।

मैंने सपरिवार जब संयम स्वीकार किया था, वह युग एवं उस समय का वातावरण आज के वातावरण से बिल्कुल भिन्न था। उस समय जब आमघरों में विद्युत व्यवस्था भी नहीं पहुंची थी तो विद्युत चलित अन्य व्यवस्थाओं की कल्पना भी कहाँ हो सकती है?और यही कारण है कि मुझे कभी यह अहसास नहीं हुआ कि संयम कठिन है फिर भी आंतरिक वृत्तियों में परिवर्तन तो कठिनाई का अहसास देता ही है।

प्रारंभ से ही मैं बिन तराशा पत्थर थी। शैशव में तो माँ के अनुशासन तले कुछ चिंतन का अवकाश था ही नहीं। उस समय मैं इतनी दब्बु स्वभाव की थी कि मेरी स्मृति में ऐसी एक भी घटना नहीं है जहाँ मेरी हल्की सी जिद भी प्रकट हुई हो। न मेरी कोई मांग थी न आकांक्षा। आज भी मुझे मेरा बचपन बहुत अच्छी तरह याद है। मैं अत्यंत आज्ञाकारी, अत्यन्त नादान और अत्यंत भावुक थी। जरा-जरा सी बात पर मेरी आँखों से सावन-भादवा बरसना आम बात थी।

हाँ?बचपन में भी मैं कल्पना प्रधान अवश्य थी। जितनी मेरी उम्र थी, उसके अनुसार विचारधारा उस समय भी अवश्य थी। आज भी मुझे याद है- उस समय भी मुझे अपने पिता की कमी... उनका अभाव प्रतिपल अखरता था। पिता-पुत्री का संबंध... उसकी ऊष्मा... उसका मूल्य... उस समय भी मेरे रोम-रोम में दंख मारता था। मैं अपने बचपन की इस संबंध में छोटी सी घटना का उल्लेख कर रही हूँ। मैं चौथी या पांचवीं कक्षा में पढ रही थी। एक दिन किसी कार्यवश मेरी सहपाठी को बुलाने के लिए उसके पिताजी आये और छुट्टी दिलाकर अपने साथ ले गए।

दिखने में यह घटना छोटी सी थी। एक पिता का अपनी पुत्री को कार्यवश छुट्टी दिलाना और साथ ले जाना सामान्य थी, पर इस छोटी सी घटना ने उस समय मेरी आँखों में आँसू ला दिए थे। एकदम निरीह लगभग 9 या 10 साल की, मैंने उस समय इतना जरूर सोचा... अगर मेरे पिताजी होते तो मुझे भी लेने आते।

मेरा अबोध बालमन पिताजी के अस्तित्व को लेकर अनेक प्रकार की कल्पनाएँ करता था। शाम के समय हम गणित पढने छगनजी मास्टर के पास महाजनी स्कूल जाते थे। वहाँ छुट्टी के वक्त खुल्ले आकाश के नीचे घड़िये बोलते थे। जब भी आकाश में बिखरते जुड़ते बादलों को देखती, मैं अवश्य सोचती- यहाँ से मेरे पिताजी जरूर मुझे देख रहे होंगे।

ऐसी ही एक घटना दीक्षा के कुछ वर्ष बाद की है। एक दीक्षार्थी लड़की के पिताजी उससे मिलने आये। लड़की ने अत्यंत विनय एवं श्रद्धा से भरकर पिता के चरण स्पर्श किए। पिताजी ने अपनी बेटी के सिर पर वात्सल्य से भरकर हाथ फेरा... लाड़ किया। मेरी आँखों ने वह दृश्य देखा। मुझे पता ही नहीं चला कि कब मेरी आँखों के कोर भीग गये।

नि:संदेह भावात्मक रूप से मेरे अनदेखे पिताजी मेरे जेहन में सदा-सदा उपस्थित रहे। इसी संवेदना ने मुझे वात्सल्यचेता श्री हरखचंदजी नाहटा द्वारा बेटी का संबोधन देते ही उनसे हृदय की असीम गहराई के साथ जोड़ा था। यह मेरा सौभाग्य था कि वे मेरी कल्पनाओं से भी कहीं अधिक व जन्मदाता पिता से भी ज्यादा संवेदनशील रहे। सबसे अच्छी बात तो यह थी कि मेरी व्यावहारिक व्यवस्थाओं के प्रति जितने सजग रहे, उससे भी कहीं अधिक वे मेरी आत्मा की ऊँचाई के प्रति सावधान रहे। मेरे संग्रह में उनके बहुत सारे पत्र मौजूद हैं। उन्हें पढ़कर अनायास ही उनका भाव प्रवण कोमल पर अनुशासक व्यक्तित्व साकार हो जाता है। पत्र की प्रत्येक पंक्ति में जहाँ एक सवत्सलपिता नजर आता है, वहीं मेरे भाव जगत का प्रेरक रूप भी उभरे बिना नहीं रहता।

निसंदेह उनको पाने के बाद मेरा ही नहीं पूज्य उपाध्याय प्रवर श्री भाई म.सा. के मन का भी एक सूनापन समाप्त हुआ था। उनका वात्सल्य अल्प अवधि तक ही प्राप्त हुआ। लगभग 5 वर्ष की अवधि तक ही उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ पर वे पाँच वर्ष भी आज तक को तृप्ति देने के लिए पर्याप्त है। आज उनकी विदायी को डेढ दशक बीतने जा रहा है फिर भी प्रतिपल ऐसा लगता है जैसे वे मेरे भीतर जीवित हैं। उनके वात्सल्य ने मेरी त्रुटियों के परिष्कार में बहुत बड़ी भूमिका निभायी थी और आज भी निभा रहा है।

पूज्यश्री का कार्यक्रम

पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मेहुलप्रभसागरजी म. ने पालीताना नवाणुं यात्रा के आयोजन माला विधान के पश्चात् ता. 30 दिसम्बर को शुभ मुहर्त्त में विहार किया है। वे धंधुका होते हुए ता. 6 जनवरी 2014 तक अहमदाबाद पधारेंगे। ता. 7 को विहार कर ता. 16 जनवरी तक हाडेचा पधार कर ता. 17 जनवरी को चितलवाना में नगर प्रवेश करेंगे।

शा. दलीचंदजी मिश्रीमलजी मावाजी मरडिया परिवार द्वारा ता. 18 से 20 जनवरी तक छह 'री' पालक संघ यात्रा के निमित्त त्रिदिवसीय महोत्सव के पश्चात् 21 जनवरी 2014 को श्री शंखेश्वर महातीर्थ के लिये छहरी पालित संघ का प्रस्थान होगा। ता. 4 फरवरी को शंखेश्वर तीर्थ में प्रवेश कर ता. 5 फरवरी को संघपति माला का आयोजन होगा।

ता. 5 को ही दोपहर में विहार कर पूज्यश्री ता. 13 फरवरी तक मांडवला जहाज मंदिर पधारेंगे। वहाँ 5-7 दिनों की स्थिरता के पश्चात् बाडमेर की ओर विहार करेंगे। बाडमेर में श्री कल्याणपुरा पार्श्वनाथ मंदिर का 5 मार्च 2014 को अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। इस मंदिर का आमूलचूल जीर्णोद्धार संपन्न करवाया गया है।

संपर्क सूत्र- पूज्य उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.
श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक, **जहाज मंदिर,**
पो. मांडवला- 343042 जिला-जालोर (राज.) फोन- 96496 40451 (मुकेश- 9784326130)



6 तत्त्वावबोध

मुनि मनितप्रभसागरजी म.सा.

चतुर्भंगी का चमत्कार

गतांक से...

३५. भाग्य-पुरूषार्थ

1. भाग्य प्रतिकूल पर पुरूषार्थ कर अनुकूल बनाया – मुनि हरिकेशबल
2. भाग्य अनुकूल पर प्रमाद से प्रतिकूल बनाया – मंगू आचार्य
3. भाग्य अनुकूल और पुरूषार्थ भी अनुकूल – भरत चक्रवर्ती
4. भाग्य प्रतिकूल और पुरूषार्थ भी प्रतिकूल – कालसौकरिक कसाई

३६. आराधना-आशातना

1. संयम की निरतिचार आराधना की – धन्ना, शालिभद्र आदि
2. संयम साधना की पर अतिचार लगाये – नंदीषेण, अरणिक आदि
3. संयम की आराधना नहीं की पर अतिचार लगाये – गोशालक
4. संयम की न आशातना की, न आराधना की – वासुदेव श्री कृष्ण

३७. द्रव्य-भाव-श्रद्धा

1. द्रव्य से श्रद्धा, भाव से अश्रद्धा– श्री कृष्ण के साथ अठारह हजार साधुओं को वंदन करने वाला – वीरक शालवी
2. द्रव्य से श्रद्धा, भाव से श्रद्धा – सुलसा श्राविका, पेथड शाह, कुमारपाल सम्राट्
3. द्रव्य से अश्रद्धा, भाव से श्रद्धा – अम्बड संन्यासी
4. द्रव्य से अश्रद्धा भाव से अश्रद्धा – कमठ तापस

३८. सबल-निर्बल

1. द्रव्य से सबल, भाव से निर्बल – सुभूम चक्री
2. द्रव्य से सबल, भाव से सबल – सनत्कुमार चक्री
3. द्रव्य से निर्बल, भाव से सबल – कुरगडु मुनि
4. द्रव्य से निर्बल, भाव से निर्बल – एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय

३९. समता-क्रोध

1. गुरू व शिष्य, दोनों ने क्रोध किया– चण्डकौशिक ने पूर्व भवों में शिष्य के साथ, कुलवालुक मुनि व उसके गुरू
2. गुरू द्वारा क्रोध, शिष्य द्वारा समता – चण्डरूद्राचार्य एवं उनका शिष्य
3. गुरू द्वारा समता, शिष्य द्वारा क्रोध – परमात्मा महावीर और जमाली
4. गुरू और शिष्य, दोनों में समता – ऋषभदेव और पुण्डरिक स्वामी

४०. गाय-बछड़ा

1. गाय को बछड़ा है और दूध भी देती है – साधारण गाय
2. गाय को बछड़ा नहीं है पर दूध देती है – कामधेनु गाय
3. गाय को बछड़ा है पर दूध नहीं देती – वृद्ध, निर्बल, रोगी गाय
4. गाय को बछड़ा नहीं और दूध भी नहीं देती – वन्ध्या गाय

४१. दर्शन-चारित्र

1. दर्शन शुद्ध, चारित्र भी शुद्ध – तीर्थंकर, गणधर
2. दर्शन शुद्ध, चारित्र अशुद्ध – मरिची, नंदीषेण मुनि
3. दर्शन अशुद्ध, चारित्र शुद्ध – अंगारमर्दकाचार्य, जमाली
4. दर्शन अशुद्ध, चारित्र अशुद्ध – गोशालक

४२. ज्ञान-चारित्र

1. ज्ञान शुद्ध, चारित्र अशुद्ध – मरीचि
2. ज्ञान अशुद्ध, चारित्र अशुद्ध – कपिला दासी, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती
3. ज्ञान शुद्ध, चारित्र शुद्ध– तीर्थंकर, केवलज्ञानी, गणधर आदि
4. ज्ञान अशुद्ध, चारित्र शुद्ध – जमाली, रोहगुप्त

With best compliments from ASHOK M. BHANSALI

M.A.ENTERPRISES

Mfrs. of Stainless Steel Sheet (Patta-Patti)

FACT. & ADMINISTRATIVE OFFICE :
508, G.I.D.C. Industrial Estate,
Mehdabad Highway Road,
Phase IV, VATVA,
AHMEDABAD - 382 445
Tel. : 91-79-25831384, 25831385
Fax : 91-79-25832261
Email : maenterprisesadi@gmail.com
enquiry@ma-enterprises.com
Website : www.ma-enterprises.com

जिज्ञासा

उपाध्याय
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

– मेवे (dry fruits) के बारे में बताईये कि धर्म शास्त्र परम्परानुसार उसका उपयोग-निषेध कब-कब है?

– सूखे मेवे में अंजीर का तो सर्वथा त्याग होता है। क्योंकि वह बहुबीज वाला होता है। उसका उपयोग नहीं हो सकता। अन्य काजू, बादाम, पिस्ता, किशमिश आदि समस्त प्रकार का मेवा कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा से फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी तक भक्ष्य है, उपयोग किया जा सकता है। श्रावक श्राविका स्वयं भी काम ले सकते हैं तथा साधु साध्वियों को भी कल्पनीय होता है।

फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा से आषाढ शुक्ल चतुर्दशी तक बादाम व सूखा नारियल उपयोग में आ सकता है। इसके सिवाय तमाम प्रकार का सूखा मेवा अभक्ष्य है अर्थात् उपयोग में नहीं आ सकता।

आषाढ शुक्ल पूर्णिमा से कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी तक समस्त प्रकार का सूखा मेवा अभक्ष्य होता है। सूखा नारियल और बादाम उसी दिन की फोडी हुई काम आ सकती है। दूसरे दिन वह भी अभक्ष्य होती है।

फाल्गुन सुदि 14 से पहले काजु आदि से कतली या चक्की बनाई हो अथवा घी में तले हो तो कडाई विगई के काल के हिसाब से 20 दिन तक उसका उपयोग किया जा सकता है।

– टमाटर उपयोग में लिया जा सकता है या नहीं! कईयों का कहना है कि लाल रंग का होने से उपयोग नहीं होना चाहिये। कईयों का कहना है कि बहुबीज होने के कारण वे अभक्ष्य है। कई समुदायों में टमाटर का निषेध देखने को मिलता है।

– टमाटर को कहीं पर भी अभक्ष्य नहीं माना है। त्याग करना अलग बात है, उसे अभक्ष्य कहना अलग बात है। लाल रंग का होने से निषेध करना, उचित नहीं होता। क्योंकि लाल तो मतीरा भी होता है और मिर्ची भी लाल होती है।

टमाटर को बहुबीज भी नहीं कह सकते हैं। क्योंकि टमाटर की बनावट अलग प्रकार की है। बीजों पर झिल्ली होने से उसे बहुबीज नहीं कहा जा सकता। इसलिये टमाटर अभक्ष्य नहीं है।

रतन बागवान फूल डेकोरेशन
व गार्डन (बगीचा) कॉन्ट्रेक्टर
शादी, पार्टी, प्रतिष्ठा में भव्य फूलों की सजावट की जाती है व पेड पौधो के होलसेल विक्रेता
दिपक रंगोली, नेट, कपड़ा चट्टाई बास, चैनल बुका, आर्टीफिसियल सजावट की जाती है
तलबी तालाब के पास, कृषि मण्डी रोड़, भीनमाल-343029 (राज.)
मो. 94143 73350, 9660532272, फोन 7568305484 (घर)

पूजनीया खान्देश शिरोमणि गुरुवर्या श्री दिव्यप्रभाश्रीजी म.सा.

के 72वें जन्मदिन एवं 62वें संयम दिवस पर

संयम अभिनंदन गीतिका

तर्ज- होठों से

संयम अभिनंदन की, यह वेला आई है।
जन्म दिन अभिनंदन की, यह वेला आई है।।टेर।।

षष्टि वर्षों से जो संयम पालन करते।
सम विषम स्थितियों में समता दिल में धरते।
पुण्योदय से ऐसी, गुरुवर्या पाई है, संयम.।।1।।

इक सप्तति पूरण हो द्विसप्तति वर्ष लगा।
शुभ बधाई देने का मन हर्षोल्लास जगा।
शत वर्ष जीयो गुरुवर अरदास सुनाई है।।2।।

सुख शांतिमय तेरे जीवन का हर पल हो।
यश चारों दिशि छाये तन मन अतिनिर्मल हो।
विश्वज्योति के नयनों में तेरी मूरत समाई है।।3।।

स्वरोदय विज्ञान का आधार : सूर्य, चंद्र और सुषुम्ना स्वर

स्वर चिकित्सा का इतिहास पुराना है। स्वर को जानने का तरीका भी बेहद सरल है। सर्वप्रथम हाथों द्वारा नाक के छिद्रों से बाहर निकलती हुई श्वास को महसूस करने का प्रयत्न कीजिए। देखिए कि कौन से छिद्र से श्वास बाहर निकल रही है। स्वरोदय विज्ञान के अनुसार अगर श्वास दाहिने छिद्र से बाहर निकल रही है तो यह सूर्य स्वर होगा।

इसके विपरीत यदि श्वास बाएँ छिद्र से निकल रही है तो यह चंद्र स्वर होगा एवं यदि जब दोनों छिद्रों से नि:श्वास निकलता महसूस करें तो यह सुषुम्ना स्वर कहलाएगा। श्वास के बाहर निकलने की उपरोक्त तीनों क्रियाएँ ही स्वरोदय विज्ञान का आधाार हैं।

सूर्य स्वर पुरुष प्रधान है। इसका रंग काला है। इसके विपरीत चंद्र स्वर स्त्री प्रधान है एवं इसका रंग गोरा है। इडा नाडी शरीर के बाईं तरफ स्थित है तथा पिंगला नाडी दाहिनी तरफ अर्थात् इडा नाडी में चंद्र स्वर स्थित रहता है और पिंगला नाडी में सूर्य स्वर। सुषुम्ना मध्य में स्थित है, अत: दोनों ओर से श्वास निकले वह सुषम्ना स्वर कहलाएगा।

स्वर को पहचानने की सरल विधियाँ

- शांत भाव से मन एकाग्र करके बैठ जाएँ। अपने दाएँ हाथ को नाक छिद्रों के पास ले जाएँ। तर्जनी अँगुली छिद्रों के नीचे रखकर श्वास बाहर फेंकिए। ऐसा करने पर आपको किसी एक छिद्र से श्वास का अधिक स्पर्श होगा। जिस तरफ के छिद्र से श्वास निकले, बस वही स्वर चल रहा है।
- एक छिद्र से अधिक एवं दूसरे छिद्र से कम वेग का श्वास निकलता प्रतीत हो तो यह सुषुम्ना के साथ मुख्य स्वर कहलाएगा।
- एक अन्य विधि के अनुसार आईने को नासाछिद्रों के नीचे रखें। जिस तरफ के छिद्र के नीचे काँच पर वाष्प के कण दिखाई दें, वही स्वर चालू समझें।

श्री जहाज मंदिर
मांडवला

प्रतिष्ठा की 15वीं वर्षगांठ निमित्ते

भव्य मेले का आयोजन

निश्रा
पूज्य गुरूदेव उपाध्याय
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

शुभ दिन
माघ सुदि 14
ता. 13 फरवरी 2014
को प्रात: 9 बजे

सकल श्री संघ से पधारने की हार्दिक विनंती है।

निवेदक
श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट
जहाज मंदिर
मांडवला- 343042 जिला- जालोर राज.
फोन - (02973) 256107, 256192, 96496 40451

जहाज मंदिर वार्षिक सामूहिक स्वामिवात्सल्य में लाभ लीजिये

श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक जहाज मंदिर की प्रतिष्ठा पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म. सा. की पावन निश्रा में ता. 30 जनवरी 1999 को अत्यन्त आनन्द व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई थी।

वर्षगांठ पर मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। सभी को लाभ प्राप्त हो सके, इस हेतु ट्रस्ट मंडल ने सामूहिक योजना बनाई है। 21 हजार रूपये की राशि (सिर्फ एक बार) अर्पण करने वाले का नाम प्रतिवर्ष छपने वाली आमंत्रण पत्रिका में उनके नाम प्रकाशित किये जायेंगे। तथा सैंकडों वर्षों तक उन्हें मेले व स्वामिवात्सल्य पूजा आदि का सामूहिक लाभ प्राप्त होगा। सकल श्री संघ से निवेदन है कि इस योजना में अधिक से अधिक नाम लिखावें।

अभी तक जिन्होंने लाभ प्राप्त किया है, उनके नाम इस प्रकार है-

जहाज मंदिर में मेले के कायमी लाभार्थी

श्री कांतिलालजी समरथमलजी रांका उम्मेदाबाद

श्री भागचंदजी समरथमलजी रांका उम्मेदाबाद

श्री उत्तमचंदजी समरथमलजी रांका उम्मेदाबाद

संघवी चम्पालालजी रघुनाथमलजी मुथा मांडवला

श्री द्वारकादासजी भगवानदासजी डोसी बाड़मेर-चौहटन

श्री कांतीलालजी पारसमलजी कागरेचा ओटवाला

सेठ श्री मांगीलालजी सुमेरमलजी लुंकड, उम्मेदाबाद

सेठ रिखबचंदजी मुन्नीलालजी चेरीटेबल ट्रस्ट

श्री सुरेशकुमारजी पीरचंदजी बाफना, उम्मेदाबाद

श्री रमेशकुमारजी समरथमलजी सिंघवी, आलासन

श्री मांगीलालजी लखमाजी लुंकड, पोसाना

श्री चम्पालालजी प्रेमचंदजी रांका, उम्मेदाबाद

श्री भंवरलालजी घेवरचंदजी विसाणी भंसाली, उम्मेदाबाद

श्री गजेन्द्रकुमारजी रीखबदासजी संकलेचा, बाड़मेर

श्रीमती धाईदेवी धर्मपत्नि स्व. श्री शंकरलालजी सेठीया, बाड़मेर

श्री मांगीलालजी चिंतामणदासजी संखलेचा, बाड़मेर

श्री कल्याणमलजी भीकमचंदजी छाजेड़, हरसाणी

श्री रामरतनजी नारायणमलजी छाजेड़, केशवणा

संघवी श्री दीपचंदजी रुगनाथमलजी मुथा, मांडवला

मै. फतेह ग्रेनाईट, जालोर

श्री रिखबचंदजी धर्माजी मंडोवरा, सिणधरी

श्री दीपचंदजी मदनलालजी कोठारी, ब्यावर

श्री पारसमलजी ताराचंदजी बरडीया, मांडवला-बाड़मेर

श्री भंवरलालजी विरदीचंदजी छाजेड़, बाडमेर

श्री रतनलालजी केशरीमलजी संकलेचा, बाड़मेर

संघवी तेजराजजी पुखराजजी गुलेच्छा, मोकलसर

श्री सुरेन्द्रकुमारजी धर्मेन्द्रकुमारजी पटवा, जालोर

श्री नेमीचंदजी हीरालालजी भंसाली, रामजी का गोल

श्री बाबुलालजी गुमानमलजी गुलेच्छा, सिवाणा

संघवी श्री अशोकजी मानमलजी भंसाली, सिवाणा

श्री अशोकजी मोहनलालजी गुलेच्छा, जसोल

श्री भंवरलालजी रीखबचंदजी गुलेच्छा, मोकलसर

श्री नवरतनजी मेघराजजी ललवानी, अक्कलकुआं

संघवी वंसराजजी रीखबचंदजी भंसाली, सिवाणा

श्री विमलकुमारजी गणेशमलजी सिंघवी, मांडवला

श्री सुरजमलजी विकासजी देवड़ा धोका, खाण्डप-हैद्राबाद

श्री विनोदकुमारजी चम्पालालजी बागरेचा, गढ सिवाना

श्रीमती खम्मादेवी वनेचंदजी मंडोवरा, सिणधरी

श्रीमती गवरीदेवी उदयराजजी मंडोवरा, सिणधरी

श्री वंसराजजी भंवरलालजी जवेरीलालजी देसाई, सिणधरी

श्रीमती रेशमीदेवी भूरचंदजी मंडोवरा, सिणधारी

श्री लालचंदजी केवलचंदजी मंडोवरा, सिणधरी

श्री भीखचंदजी धनराजजी देसाई, सिणधरी

श्रीमती सुआदेवी धींगडमलजी लूणिया, शेरगढ़

श्री आसुलालजी हमीरमलजी मालू, बाड़मेर

श्रीमती हउआदेवी सगतमलजी मालू, बाड़मेर

श्री मोहनलालजी आसुलालजी बोथरा, बाड़मेर

श्री दादा गुरुदेव भक्त, जोधपुर-हैदराबाद

श्रीमती सुखीदेवी रायचंदजी छाजेड़, सिवाना-हैदराबाद

श्री बाबुलाल पारसमल बोहरा, सांचौर

स्व.श्री पुखराजजी गेमाजी कागरेचा, ओटवाला

शा. बाबुलालजी भूरचंदजी लुणिया, धोरिमन्ना

शा. बाबुलालजी राणामलजी लालण, मांगता-सिद्धपुर

डॉ. यु. सी. जैन, उदयपुर

संघवी शा. जीतमलजी कुन्दनमलजी दांतेवाडिया, मांडवला

संघवी शा. हंसराजजी मोहनलालजी मुथा, मांडवला

शा. पारसमलजी भानमलजी छाजेड, मांडवला

शा. भंवरलालजी धर्मचंदजी संकलेचा, पादरु

शा. भूरमलजी माणकमलजी बोथरा, बाडमेर

शा. मांगीलालजी पूनमचंदजी भंडारी, मांडवला

शा. मीठालालजी अरविंदकुमारजी विनायकिया, खंडप

शा. तेजराजजी धूड़चंदजी कांकरिया, सिवाना-हुबली

शा. केसरीमलजी संजयकुमारजी सेठिया, धोरिमन्ना

शा. प्रकाशमलजी छगनलालजी बोथरा, सांचोर

संघवी शा. लाधमलजी मावाजी मरडिया, चितलवाना

शा. गणपतराजजी राजमलजी बोथरा, सांचोर

श्रीमती मुंगीदेवी चुन्नीलालजी गांधी, चितलवाना

श्रीमती जमनादेवी जेठमलजी गांधी, चितलवाना

शा. दलीचंदजी मिश्रीमलजी मरडिया, चितलवाना

श्रीमती बदामीदेवी शंकरलालजी घीया, बोरीवली

शा. गोतमचंदजी अशोकचंदजी बालड, सिवाना-बल्लारी

शा. भवंरलालजी सोहनलालजी बोकडिया, जसोल

शा. जगदीशजी भंसाली, पाली

शा. शांतिलालजी डामरचंदजी छाजेड, मालेगांव

श्रीमती कंचनबेन सुमतलालजी शाह, चोटिला-कानपुर

संघवी शा. पूनमचंदजी पुखराजजी छाजेड, पादरू

शा. गोरधनमलजी प्रतापमलजी सेठिया, धोरीमन्ना

शा. मिश्रीमलजी वीराजी लूणिया, धोरीमन्ना

शा. मेवारामजी मूलचंदजी बोथरा, धोरीमन्ना

शा. पारसमलजी ताराचंदजी मालू, धोरीमन्ना

शा. बाबूलालजी जगदीशजी छाजेड, धोरीमन्ना

शा. जीवराजजी ऊकचंदजी श्रीश्रीश्रीमाल, सांचौर

शा. नेमीचंदजी गंगारामजी मालू, बाडमेर

स्व. श्रीमती मोहनीदेवी राणामलजी बाडमेर

स्व. श्रीमती टीपूदेवी भूरमलजी बोथरा, बाड़मेर

स्व.पारूदेवी रायचंदजी सेठिया, धोरीमन्ना

श्रीमती ढेलीदेवी हस्तीमलजी मालू, छीतर

स्व. भवंरीदेवी नेमीचंदजी बोथरा, बाडमेर

श्रीमती ढेलीदेवी आसूलालजी छाजेड, जसाई

शा. रिखबचंदजी हेमराजजी धारीवाल, चौहटन

श्रीमती मटूदेवी अमोलकजी मालू, झाख

शा. सम्पतराजजी ताराचंदजी बोथरा, बाडमेर

शा. बाबूलालजी माणकमलजी धारीवाल, चौहटन

शा. पारसमलजी रिखबदासजी धारीवाल, चौहटन

स्व.श्री जेकचंदजी भंवरलालजी धारीवाल, चौहटन

श्रीमती इचरजदेवी प्रभुलालजी छाजेड, सियाणी

श्रीमती सुआदेवी रिखबदासजी वीरपाडिया, जसाई

श्रीमती मेवीदेवी भवंरलालजी बोथरा, बाडमेर

शा. बाबूलालजी भगवानदासजी बोथरा, बाडमेर

शा. बाबूलालजी राणामलजी धारीवाल, बाडमेर

शा. पारसमलजी सुरतानमलजी भंसाली, बाडमेर

श्रीमती मथरीदेवी केसरीमलजी भंसाली, डोंगरी

श्रीमती निर्मलादेवी नितिनजी मेहता, जालोर-सूरत

शा. इन्द्रचंदजी प्रकाशचंदजी चौपडा, हैदराबाद

शा. नीरजजी मदनलालजी ओसवाल, दिल्ली

श्रीमती जडावदेवी कपूरचंदजी पालरेचा, मोकलसर

संघवी श्री ललितकुमारजी पुखराजजी माण्डवला

श्रीमती भीखीदेवी केशरीमलजी संकलेचा, गढसिवाना-हैद्राबाद

श्रीमती जम्मुदेवी मिश्रीमलजी छाजेड, गढसिवाना

शा. मोहनलालजी बस्तीमलजी दांतेवाडिया, माण्डवला

शा. दीपचंदजी जीतेन्द्रकुमारजी सांखला, समदडी

श्रीमती सुखीदेवी केवलचंदजी संकलेचा, रामा

श्रीमती कचंनदेवी रायचंदजी संकलेचा, रामा

शा. ललितकुमारजी पुखराजजी छाजेड, माण्डवला

शा. जीतमलजी देवीचंदजी पालगोता चौहान, ऐलाना-बैंगलोर

पुत्र हर्ष की स्मृति में अशोककुमार कपिल मेडतवाल, भीलवाडा

शा. मांगीलालजी शम्भुजी छाजेड, सिवाना-हैदराबाद

शा. माणकचंदजी गौतमकुमारजी चौपडा, ब्यावर

श्रीमती पुष्पादेवी सूरजमलजी संकलेचा, रामा-कल्याण

श्रीमती बदामीदेवी धींगडमलजी टीमरेचा, गढ सिवाना - भिवण्डी

श्रीमती शांतिदेवी वंसराजजी पालरेचा, मोकलसर

श्री हीरालालजी जीतेन्द्रकुमारजी कंकु चौपडा, बालोतरा

श्रीमती जडावदेवी चम्पालालजी विनायकिया, खण्डप

श्री हीरालालजी छगनलालजी शाह, मुंबई

श्री मीठालालजी गुणेशमलजी भंसाली, उम्मेदाबाद-बैंगलोर

श्रीमती अमीयादेवी दीपचंदजी पालगोता चौहान, उम्मेदाबाद

श्रीमती राधादेवी प्रेमचंदजी बरमेचा, हैदराबाद

श्रीमती सारीदेवी बोहरीदासजी बोथरा, बाडमेर

श्रीमती पुष्पादेवी बाबूलालजी संकलेचा, पादरू-हैदराबाद

श्रीमती मोहनीदेवी मूलचंदजी बाफना हिराणी परिवार, पादरू-हैदराबाद

श्री पुखराजजी बाबूलालजी छाजेड, निम्बलाना- हैदराबाद

शा. बाबूलालजी हीराचंदजी लूंकड, सिवाना-बेल्लारी

श्री टी. सोभागमलजी बिदामीबाई कोटेचा तिरची-लोहावट

श्रीमती कमलादेवी धर्मपत्नि श्री अशोककुमारजी सोनीमिण्डे, जोधपुर पवई मुंबई

शा. अमितकुमारजी समितकुमारजी सोनीमिण्डे पवई मुंबई

श्रीमती जयकुवरं बाईजी धर्मपत्नि श्री धनराजजी सोनीमिण्डे, सोनाणा चेम्बुर

श्रीमती किरणदेवी धर्मपत्नि सतीशकुमारजी जीरावला, सिवाना बैंगलोर

श्रीमती पूनादेवी धर्मपत्नि घेवरचंदजी संकलेचा, पादरू हैदराबाद

श्रीमती बक्सुदेवी नैनमलजी बाफना हीराणी परिवार, पादरू-हैदराबाद

श्रीमती सुखीदेवी शंकरलालजी विनायकिया, खंडप-हैदराबाद

श्रीमती कमलादेवी श्री चंपालालजी पारख, मोकलसर- हैदराबाद

शा. बाबुलालजी शिवलालजी तलेसरा सोलंकी, भलरों का वाडा - बैंगलोर

स्व. श्री सोभागमलजी बिदामीबाई कोटडिया, लोहावट- त्रिची

श्रीमती शांतादेवी पारसमलजी छाजेड, सिवाना-हैदराबाद

श्रीमती अनपूर्णादेवी माधमलजी गुलेच्छा, पादरु-हद्राबाद

श्रीमती शांतादेवी मदरुपचन्दजी बागरेचा, खाण्डप-हैद्राबाद

श्रीमती दुर्गावतीदेवी बाबुलालजी गुलेच्छा, पादरु-हैद्राबाद

श्रीमती विमलादेवी सोहनलालजी कंकुचोपडा, बालोतरा

संघवी पुखराजजी हस्तिमलजी पालरेचा, मोकलसर

श्री बाबुलालजी गिरधारीलालजी पालरेचा, मोकलसर

शत्रुंजय तीर्थाधिपति श्री आदिनाथाय नमः दादा श्री जिनकुशलसूरि गुरुभ्यो नमः

पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. की पावन निश्रा व

पूज्य मुनि श्री मेहुलप्रभसागरजी म. की प्रेरणा से

छाजेड परिवार आयोजित श्री सिद्धाचल तीर्थ की नवाणु यात्रा के आराधक

सुश्री सोनल लालचंदजी कांकरिया, सुरत

सुश्री सुषमा रतनचंदजी कवाड, तिरुपात्तुर

सुश्री पायल रतनचंदजी कवाड, तिरुपात्तुर

सुश्री धर्मिष्ठा सुरेन्द्रजी गुलेच्छा, तिरुपात्तुर

की नवाणु यात्रा की पूर्णाहूति पर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें

मुनि मनितप्रभसागरजी म.सा.

पंचांग

फरवरी महिने का पंचांग
Panchang of February Month

February 2014

रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
						1 माघ सुदि 2
2 माघ सुदि 3	3 माघ सुदि 4	4 माघ सुदि 5	5 माघ सुदि 6	6 माघ सुदि 7	7 माघ सुदि 8	8 माघ सुदि 9
9 माघ सुदि 10	10 माघ सुदि 11	11 माघ सुदि 12	12 माघ सुदि 13	13 माघ सुदि 15	14 माघ सुदि 15	15 फाल्गुन वदि 1
16 फाल्गुन वदि	17 1फाल्गुन वदि 2	18 फाल्गुन वदि 3	19 फाल्गुन वदि 4	20 फाल्गुन वदि 5	21 फाल्गुन वदि 6	22 फाल्गुन वदि 7
23 फाल्गुन वदि	24 8फाल्गुन वदि 9/10	25 फाल्गुन वदि 11	26 फाल्गुन वदि 12	27 फाल्गुन वदि 13	28 फाल्गुन वदि 14	

फरवरी मास

फाल्गुन वदि 1 की वृद्धि

फाल्गुन वदि 10 का क्षय

09.02.14- रोहिणी तपाराधना

13.02.14- पाक्षिक प्रतिक्रमण

28.02.14- पाक्षिक प्रतिक्रमण

श्री अभिनंदन स्वामी जन्म कल्याणक	माघ सुदि 2	श्री धर्मनाथ दीक्षा कल्याणक	माघ सुदि 13
श्री वासुपूज्यस्वामी केवलज्ञान कल्याणक	माघ सुदि 2	जहाज मंदिर वर्षगांठ	माघ सुदि 14
श्री विमलनाथ जन्म कल्याणक	माघ सुदि 3	श्री जिनभद्रसूरि आचार्य पद	माघ सुदि 15-1475
श्री धर्मनाथ जन्म कल्याणक	माघ सुदि 3	श्री सुपार्श्वनाथ केवलज्ञान कल्याणक	फाल्गुन वदि 4
श्री विमलनाथ जन्म कल्याणक	माघ सुदि 3	श्री जिनप्रबोधसूरि दीक्षा दिवस	फाल्गुन वदि 5-1297
श्री विमलनाथ दीक्षा कल्याणक	माघ सुदि 4	श्री जिनकवीन्द्रसागरसूरि दीक्षा दिवस	फाल्गुन वदि 5-1976
श्री जिनपद्मसूरि दीक्षा दिवस	माघ सुदि 5-1384	श्री सुपार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक	फाल्गुन वदि 7
श्री जिनसिंहसूरि आचार्य दिवस	माघ सुदि 5-1640	श्री सुपार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक	फाल्गुन वदि 7
श्री जिनआनंदसागरसूरि आचार्य पद	माघ सुदि 5-2006	श्री चन्द्रप्रभु केवलज्ञान कल्याणक	फाल्गुन वदि 7
श्री जिनउदयसागरसूरि दीक्षा दिवस	माघ सुदि 5-1988	श्री जिनप्रबोधसूरि आचार्य पद	फाल्गुन वदि 8-1331
श्री जिनेश्वरसूरि द्वितीय आचार्य पद	माघ सुदि 6-1278	श्री सुविधिनाथ च्यवन कल्याणक	फाल्गुन वदि 9
श्री जिनसागरसूरि दीक्षा दिवस	माघ सुदि 7-1661	श्री जिनपतिसूरि दीक्षा दिवस	फाल्गुन वदि 10-1218
श्री अजितनाथ जन्म कल्याणक	माघ सुदि 8	श्री आदिनाथ केवलज्ञान कल्याणक	फाल्गुन वदि 11
श्री अजितनाथ दीक्षा कल्याणक	माघ सुदि 9	श्री श्रेयांसनाथ जन्म कल्याणक	फाल्गुन वदि 12
श्री जिनलब्धिसूरि दीक्षा दिवस	माघ सुदि 11-1370	श्री मुनिसुव्रत स्वमी केवलज्ञान कल्याणक	फाल्गुन वदि 12
श्री जिनकृपाचन्द्रसूरि स्वर्गवास दिवस	माघ सुदि 11-1914	श्री श्रेयांसनाथ दीक्षा कल्याणक	फाल्गुन वदि 13
श्री अभिनंदन स्वामी दीक्षा कल्याणक	माघ सुदि 12	श्री वासुपूज्य स्वमी जन्म कल्याणक	फाल्गुन वदि 14

हार्दिक श्रद्धांजली

– श्री जैन श्वेताम्बर भंडार पावापुरी तीर्थ के अध्यक्ष माननीय श्री ताजबहादुरसिंहजी बैद की धर्मपत्नी सौ. श्रीमती शोभा जैन का 68 वर्ष की उम्र में 7 दिसम्बर 2013 को स्वर्गवास हो गया। कर्मठ, धर्म में सदा उद्यमशील एवं स्वाध्याय प्रिय सुश्राविका थी। जहाज मंदिर परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजली!

– बाडमेर निवासी श्री सगतमलजी मालू की धर्मपत्नी श्रीमती हउआदेवी का स्वर्गवास हो गया। जहाज मंदिर परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजली!

श्रीमती सुखीबाई भीमराजजी छाजेड़ परिवार आयोजित

नवाणुं यात्रा का अभिनव आयोजन

परम पूज्य गुरुदेव प्रज्ञापुरूष आचार्य देव श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य पूज्य गुरुदेव मरूधर मणि उपाध्याय प्रवर श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मुक्तिप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मनीषप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मयंकप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मेहुलप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मोक्षप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री कल्पज्ञसागरजी म. पूज्य नूतन मुनि श्री समयप्रभसागरजी म.सा. पूज्य नूतन मुनि श्री विरक्तप्रभसागरजी म.सा. पूज्य नूतन बाल मुनि श्री श्रेयांसप्रभसागरजी म. आदि मुनि मंडल एवं पूजनीया खान्देश शिरोमणि गुरुवर्या श्री दिव्यप्रभाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा, पूजनीया साध्वी श्री शशिप्रभाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा, पूजनीया माताजी म. श्री रतनमालाश्रीजी म. पूजनीया बहिन म. डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा, पूजनीया साध्वी श्री हेमरत्नाश्रीजी म. आदि ठाणा, पूजनीया साध्वी श्री संघमित्राश्रीजी म. आदि ठाणा, पूजनीया साध्वी श्री प्रियसौम्यांजनाश्रीजी म. आदि ठाणा की पावन निश्रा में श्री सिद्धाचल गिरिराज पर नवाणुं यात्रा का अनूठा एवं ऐतिहासिक आयोजन गढ सिवाना-पूना निवासी श्रीमती सुखीदेवी भीमराजजी छाजेड परिवार द्वारा संपन्न हुआ।

पूज्य गुरुदेवश्री का चातुर्मास पालीताना में होने का ज्योंहि निश्चय हुआ त्योंहि छाजेड परिवार के हृदय में वर्षों का सपना साकार करने का भाव उपस्थित हुआ। छाजेड परिवार का पिछले लम्बे समय से पूज्यश्री की निश्रा में नवाणुं यात्रा कराने का भाव था। पर पूज्यश्री का विहार अन्य क्षेत्रों में होने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था।

पूज्यश्री के 54वें वर्ष प्रवेश के मंगल अवसर पर छाजेड परिवार अपने परिवार व इष्ट मित्रों के साथ पादरू नगर पूज्यश्री से विनंती हेतु पहुँचा। पूज्यश्री ने ज्योंहि उनकी विनंती स्वीकार की, छाजेड परिवार अत्यन्त उल्लसित व आनंदित हो उठा।

नवाणुं यात्रा के आयोजन को चार चांद लगाने के लिये श्रीमती सुखीदेवी के सुपुत्र श्री इन्द्रकुमारजी, महावीरकुमारजी नरेन्द्रकुमारजी छाजेड दिन रात एक कर दिये। नवाणुं यात्रा के लिये तलेटी के समीप श्री कस्तूरधाम व नीलम विहार आदि धर्मशालाओं का आरक्षण किया। पत्रिका पोस्टर आदि द्वारा पूरे भारत के सकल श्री संघ को नवाणुं यात्रा में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रण दिया गया।

पूज्यश्री ने चातुर्मास के मध्य कस्तूर धाम का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव प्रदान किये। कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को पूज्यश्री ने साधु साध्वी मंडल एवं आराधकों के साथ नवाणुं यात्रा के लिये कस्तूरधाम में प्रवेश किया। कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा से नवाणुं यात्रा का प्रारंभ हुआ। लगभग 200 आराधकों के साथ बाजे गाजे के साथ तलेटी दर्शन करते हुए जय जय आदिनाथ एवं सिद्धाचल गिरि नमो नमः के गगन भेदी नारों के साथ नवाणुं यात्रा का प्रारंभ हुआ।

